# स्टेबल बने रह सकते हैं चीनी के दाम

[ ईटी ब्यूरो पुणे ]

देश में चीनी का सबसे अधिक प्रोडक्शन करने वाले महाराष्ट्र में अधिक कोटा और बारिश में सुधार की वजह से फेस्टिव सीजन के दौरान इस कमोडिटी के दाम स्टेबल बने रहे। शुगर इंडस्ट्री इस समय सेक्टर को डीकंट्रोल करने से जुड़े सरकार के फैसले का इंतजार कर रही है।



केंद्र सरकार ने सितंबर तिमाही के लिए अगस्त में चार लाख टन अतिरिक्त गैर-लेवी चीनी जारी की थी। कई बाजारों में चीनी का खुदरा दाम 40 रुपए प्रति किलोग्राम के आसपास है। ट्रेडर्स का मानना है कि अगले कुछ सप्ताहों में इसकी कीमत इसी रेंज में रह सकती है। बॉम्बे शुगर मर्चेंट्स एसोसिएशन के प्रेसिडेंट अशोक जैन का कहना है, 'पिछले 15 दिनों में चीनी की थोक कीमतें लगभग स्थिर रही हैं। अगर सरकार लेवी चीनी के लिए सब्सिडी कम करने की घोषणा करती है, तो भी इसके दाम में ज्यादा तेजी नहीं आएगी।'

नवभारत टाइम्स
24/9/12